सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-458**
27/09/2017

मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 27 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। दशहरा पर्व को विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय की द्योतक है। यह हमारे जीवन में संयम एवं आत्मिक बल का संचरण करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के बाद विजयदशमी का त्योहार मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आह्वान किया कि वे दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को पारस्परिक सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मिल जुलकर मनायें।

******